भाग–4

बाल संरक्षण योजनाऐं

बाल संरक्षण योजनाऐं

(1) मुख्य मन्त्री बाल उद्धार योजना
Mukhiya Mantri Bal Udhar Yojana

उद्देश्य बेसहार बच्चों, अनाथ बच्चों जिन्हें देख रेख एवं संरक्षण की आवश्यकता हो, उन्हें बाल/बालिक आश्रमों में प्रवेश देकर निःशुल्क रहने–सहने, शिक्षा, स्वास्थ्य एवम पुर्नवास इत्यादि सुविधायें प्रदान करके उन्हे आत्म–निर्भर बनाना।

सहायता निःशुल्क रहने–सहने, 10+2 तक शिक्षा तथा व्यवसायिक प्रशिक्षण।

पात्रता 6 वर्ष से अधिक आयु के बी0पी0एल0 परिवारों से सम्बन्धित बच्चे जिनके माता पिता की मृत्यु हो चुकी हो या बेसहारा बच्चे जिनके माता–पिता का मालूम न हो या जिनके माता–पिता जेल काट रहे हो या जिनके पिता की मृत्यु हो चुकी हो तथा माता ने दूसरी शादी कर ली हो।

प्रवेश हेतु प्रक्रिया पात्र बाल/बालिकाओं के संरक्षक निर्धारित प्रपत्र पर सम्बन्धित पंचायत की सिफारिश करवाकर सम्बन्धित जिला कल्याण अधिकारी/तहसील कल्याण अधिकारी को आवेदन कर सकते हैं। यह अधिकारी अपनी सिफारिश सहित मामला निदेशक, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को भेजते है जो ऐसे बच्चों को विभाग/विभागीय अनुदान से स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से संचालित बाल/बालिका आश्रम में प्रवेश देते है।

विभाग द्वारा संचालित बाल–बालिका आश्रम

- प्रथम से आठवीं कक्षा तक के बच्चों हेतू, मसली रोहडू (शिमला),सुजानपुर टीहरा (हमीरपुर),किलाड (पांगी), प्रागपुर (कांगडा)
- नवीं से जमा दो कक्षाओं में पढने वाले बच्चों हेतू बाल आश्रम टुटीकण्डी (शिमला) तथा बालिका आश्रम, मशोबरा (शिमला)

विभागीय अनुदान से स्वंय सेवी सस्थाओं के माध्यम से संचालित बाल/बालिका आश्रम

(i) हिमाचल प्रदेश बाल कल्याण परिषद

- नवीं से जमा दो कक्षाओं में पढने वाले बच्चों हेतू बाल आश्रम, सराहन(शिमला)
- प्रथम से आठवीं कक्षा तक के बच्चों हेतू बाल आश्रम कलहैली (कुल्लू), भरमौर (चम्बा) बालिका आश्रम सुन्नी (शिमला), तीसा (चम्बा), कल्पा (किन्नौर)

(ii) कस्तूरबा गांधी राष्ट्रीय स्मारक निधि शिमला

- प्रथम से आठवी कक्षा तक के बच्चों हेतू बाल आश्रम, रौक–वुड शिमला, बालिका आश्रम दुर्गापुर शिमला

(iii) महिला कल्याण मण्डल चम्बा

- प्रथम से आठवी कक्षा तक के बच्चों हेतू बालिका आश्रम चम्बा

(iv) हिमगिरि कल्याण आश्रम सोलन

- बाल आश्रम, शिल्ली

(v) दीन बन्धु सेवा मंडल, भरनाल सरकाघाट (मण्डी)

- प्रथम से आठवी कक्षा तक के बच्चों हेतू बाल आश्रम भरनाल

(vi) दिव्य मानव ज्योति ट्रस्ट अनाथालय डैहर (मण्डी)

- बाल आश्रम, डैहर

(vii) रैड क्रास सोसाईटी किन्नौर

- प्रथम से आठवी कक्षा तक के बच्चों हेतू बाल आश्रम, कल्पा